**Bal Bharati**
**PUBLIC SCHOOL**
**NISHATPURA BHOPAL**

# अभ्युदय



# प्राचार्य की कलम से



बहुत ही हर्ष का विषय है कि हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी की ई - पत्रिका 'अभ्युदय' का विमोचन हो रहा है। लेखन एक ऐसी प्रक्रिया है ,जो मानव चिंतन प्रक्रिया से गुजरती है, कभी कल्पनाओं के सागर से गुज़र कर पल्लवित होती है तो कभी वास्तविक सामाजिक परिवेश में पल रही बुराइयों पर कटाक्ष करती है ।

बालपन से ही बच्चों में लेखन की रचनात्मक रुचि को बढ़ाने हेतु विद्यालय पत्रिका उनकी कल्पनाओं को एक लक्ष्य प्रदान करती है । नन्हीं तूलिका से बने हुए चित्र लेखन के साथ - साथ बच्चों में कला के प्रति भी रुचि जागृत करते हैं ।
शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का चहुँमुखी विकास है और इस पत्रिका के माध्यम से बच्चों में अच्छी आदतों का विकास किया जा सकता है।हमारा यह सतत प्रयास होना चाहिए कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर ही गतिविधियों को संचालित करें, जो कि इन बच्चों को साधारण से ऊपर उठकर असाधारण की श्रेणी में खड़ा कर सके। मैं बच्चों से यह अपेक्षा करता हूँ कि वे अपनी मातृभाषा पर गर्व करें और उसका अधिक से अधिक प्रयोग करें । मैं बच्चों को उनके प्रयास के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि निकट भविष्य में भी बच्चे इसी तरह प्रयासरत रहेंगे और न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों का नाम भी रोशन करेंगे ।
मैं संपादकीय समिति के सभी सदस्यों के प्रयास और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ ।

कुलदीप सिंह
(प्राचार्य)

# समन्वयक की कलम से



हमारी भारतीय परम्परा में ज्ञान को सर्वोपरि माना गया है, क्योंकि इसे जीवन में बड़े स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने का कारक माना गया है। इसी विचार का उल्लेख हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता आया है। ज्ञान का प्रचार-प्रसार मातृभाषा और स्थानीय भाषा के माध्यम से हो, इस बात पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विशेष जोर दे रही है । ये कहना कोई अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा कि भाषा ही राष्ट्र की संस्कृति की संवाहक होती हैं और ज्ञान की प्राप्ति भी सहजता और सरलता से होती है । ये कहना भी कतई गलत नहीं होगा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020, विकास की संभावनाओं के नए द्वार खोल रही है। राष्ट्र भाषा का सही, सरल और अधिक से अधिक उपयोग किसी भी देश के लिए राष्ट्रीय गौरव का विषय होता है।

यूनेस्को ने भी इस वैज्ञानिक तथ्य को स्वीकार लिया है कि मातृभाषा में ही प्राथमिक शिक्षा दी जाए। वर्तमान में, एक ओर जहां हिन्दी [illegible] दुनिया के कोने-कोने में फैल रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भी अपने कर्मचारियों को हिन्दी भाषा सीखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इससे न केवल, कम्पनियों का प्रचार-प्रसार हो रहा है, बल्कि हिन्दी भाषा भी विस्तार पाती जा रही है। व्यापार, विज्ञापन, बाजार और सिनेमा जैसे अनेक क्षेत्रों में हमारी भाषा हिन्दी की मांग तेजी से बढ़ रही है। इंटरनेट, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाट्सऐप और गूगल जैसे सोशल मीडिया पर भी हिन्दी का प्रयोग तेजी से लगातार बढ़ता ही जा रहा ळें और आज, हिन्दी विश्व पटल पर अपना नाम, एक सशक्त भाषा के रूप में अंकित करती जा रही है। आज हिन्दी विश्व संवाद के सबसे उम्दा और उत्तम माध्यम के रूप में स्थापित हो रही है। एक सशक्त भाषा के रूप में विश्व पटल पर खुद को अंकित कर चुकी है। हिन्दी भाषा का हर कहीं गर्मजोशी से स्वागत हो रहा है। हमारी ये भाषा विश्व में वो सम्मान पा रही है, जिसकी वो हकदार रही है। हमारी भाषा हिन्दी वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित भाषा है। इसकी लिपि देवनागरी भी उतनी ही व्यवस्थित है, व्याकरण से अनुशासित है। हिन्दी भाषा उर्वरा है, अद्भुत है, एक जीवंत भाषा है । आशा है, अभ्युदय का ये विशेषांक संस्था की विलक्षण उपलब्धियों, गाथाओं और जानकारियों से परिपूर्ण होगा। साथ ही आप सभीको हिन्दी के गौरव से परिचित कराने का कार्य भी करेगा।

शुभकामनाएं

(मृदुलता सिंह चौधरी)

# मुख्य संपादिका की कलम से



तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर और हमारे विद्यालय बाल भारती का भी ऐसा ही आदर्श वाक्य है हंसो नयतु न प्रज्ञाम यही हमारा उद्देश्य भी है। बाल भारती के उपवन के ये नौनिहाल जहां एक ओर अपने मन का अंधकार या अज्ञान मिटायेगे वहीं बाहर ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे , इसी विश्वास के आधार पर हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करते हैं जहां से चहुंमुखी विकास की गाड़ियां आ सकें।

धरती की गोद में जब बीज पड़ा होता है तब वह न तो किसी को दिखता है और न ही स्वयं किसी को देख सकता है , ज्यों ही उसे हवा, पानी, प्रकाश और सूर्य का सहयोग मिलता है,त्यों ही वह अंकुरित हो जाता है, खिल उठता है वह धरती के ऊपर आकर यहां का सुंदर नज़ारा देखता है धरती के लोग उसे पहचानते हैं , जानते हैं।

बाल भारती के उपवन में ऐसे ही बीज पड़े हैं उन्हें अंकुरित ,पुष्पित ,पल्लवित करना हमारा दायित्व है , इसी दायित्व को ध्यान में रखते हुए हमने हिंदी दिवस के अवसर पर अभ्युदय पत्रिका को प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बहुत प्रभावी है सब जगह सुलभ है इसीलिए ई मैगज़ीन को हमने प्राथमिकता दी है।

विगत वर्षों में बच्चों के अंदर की छिपी प्रतिभाएं मुखरित हुई हैं। कोरोना जैसी महामारी भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के हौसले पस्त नही कर पाई। हम एक बार फिर से पूरे उत्साह एवं जोश से अपने विद्यालय को उच्चतम शिखर तक ले जाने हेतु कटिबद्ध हैं जिसका जीवंत उदाहरण आपको ई पत्रिका में देखने को मिलेगा।

मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है।<br>
पंखों से कुछ नही होता है , हौसलों से उड़ान होती है।।

ढेर सारे प्यार के साथ

शमीम अख्तर

# हिंदी दिवस 2023















**आज दिनांक 14 सितंबर को हिंदी दिवस समापन समारोह का आयोजन बाल सभा में किया गया हम समस्त हिन्दी विभाग के शिक्षक प्राचार्य के अत्यंत आभारी है जो उन्होंने यह उत्तरदायित्व हम लोगो को सौंपा। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग द्वारा पूरे सप्ताह विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई जिनका प्रमाणपत्र वितरण समारोह भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु न केवल हिंदी विभाग अपितु नृत्य, गायन, एवं कला विभाग का भी सहयोग रहा जिनके हम अत्यंत आभारी है तकनीकी सहयोग के लिए श्रीमती नेहा शर्मा का विशेष धन्यवाद। विवेकानंद सदन के समस्त शिक्षक एवं सदन संचालक की कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी रही।**

# हिंदी दिवस गतिविधियां









**हिंदी दिवस सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा पहली में सुलेख प्रतियोगिता, कक्षा दूसरी में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता, कक्षा तीसरी में त्वरित भाषण प्रतियोगिता,कक्षा छठी में अलबम बनाओ प्रतियोगिता, कक्षा सातवी में व्याकरण प्रकरण आधारित चार्ट बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को हिंदी दिवस पर पुरस्कृत किया गया।**

# संस्कृत दिवस 2023








भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022-23 जिला स्तर पर बालभारती पब्लिक विद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । एवं कक्षा 9 की छात्रा वर्षा मीणा को जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।

आज 30/08/2023 को निशातपुरा स्थित बाल भारती पब्लिक विद्यालय में * संस्कृत दिवस * मनाया गया । ऋषि-मुनियों एवं प्राचीन परंपरानुसार श्रावण शुक्लपक्ष पूर्णिमा पर रक्षाबंधन के दिन मनाया जाता है । विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्लोक गायन , लेखन , चित्रांकन , समूहगान , नृत्य कला एवं संगीत के माध्यम से उत्साहपूर्ण होकर संस्कृत दिवस में भाग लिया ।




**संस्कृत दिवस आयोजन -लिंक**

# गतिविधियाँ
# (प्राथमिक वर्ग)










**प्राथमिक विभाग**

**इस वर्ष प्राथमिक विभाग दवारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।**

**कक्षा प्रथम के लिए स्वरचित कविता (शिक्षक की सहायता से) का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा कई कविताएं सुनाई गई । खेल-खेल में शब्द बनाओ का अभ्यास किया गया। बच्चे अलग-अलग कागजों पर अक्षर लिखकर लाए जिससे नए-नए शब्द खेल-खेल में उन्होंने बनाए ।**

**प्राथमिक विभाग द्वारा वर्ष भर विद्यालय के सभी कार्यक्रमों में अपना योगदान दिया गया जैसे जन्माष्टमी, दिवाली, बाल दिवस, हिंदी दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस । इन सभी त्योहारों में प्राथमिक विभाग द्वारा अलग-अलग प्रकार की कविताएं सुनाई गई जिसे दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। प्राथमिक विभाग द्वारा सीबीएसई कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में भी भाग लिया गया। इसमें हमारी कहानी का शीर्षक (फसलों का त्योहार ) था। हमारी छात्र रागिनी राजपूत ने इस प्रतियोगिता में फसलों के त्यौहार के ऊपर एक मनोरंजक कहानी सुनाई।**

# गतिविधियाँ
# (माध्यमिक - वर्ग )



इस वर्ष 2023 24 में माध्यमिक विभाग द्वारा कक्षा शिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत कक्षा छठवीं में एकांकी मंचन,कलाकृति निर्माण, वृक्षारोपण,कक्षा सातवी में नारा लेखन, रॉक पेंटिंग कार्य, कक्षा आठवीं में तात्कालिक भाषण ,वाद विवाद ,कक्षा नवीं में भाषा संगम,उड़ान पत्रिका निर्माण, कक्षा दसवीं में वाचन, श्रवण गतिविधि,ग्यारहवीं में पत्रकारिता के विभिन्न आयाम,मष्तिष्क विप्लव गतिविधि, बारहवीं में तात्कालिक भाषण गतिविधि का आयोजन किया गया।गतिविधियों के आयोजन से विषय के प्रति अवधारणा पुष्ट होती है।विद्यार्थियों में रुचिपूर्ण अधिगम होता है।

















# अंतर विद्यालयीन प्रतियोगिताएँ













**क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के तत्वाधान में 'बाघ बचाओ' विषय के अवसर पर दिनाँक 20 जुलाई 2023 को अन्तर्विद्यालयीन लघुनाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी क्रम में इस संस्था द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर दिनाँक 28 जुलाई 2023 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।जिसमें विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।**






**संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में 2 सितंबर को अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे हमारे विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमे निम्नलिखित प्रतियोगिताएं इस प्रकार है ----**

**इवेंट 1**

**फेस पेंटिंग जिसमे कक्षा ग्यारहवीं की अंजलि गुप्ता एवं स्नेहा वसावा ने भाग लिया।**

**इवेंट 5 में आगाज़ में नुक्कड़ नाटक के अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमे क्रमशः नियति यादव ,संचिता सामंता,प्रगति सेंगर,संभव जैन ,हिमांशु वर्मा,कनिष्का यादव ,तनुष्का सोनी,कुणाल ,चिराग,आकांक्षा हुडे**

**क्विज प्रतियोगिता में दिव्यांशु सिंह कक्षा बारहवीं ,निहार मालवीय कक्षा ग्यारहवीं**

**आयोजिका श्रीमती शमीम अख्तर**

# विभिन्न प्रस्तुतियां




बिरसा मुंडा जयंती

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित धरती अबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में 15 नवंबर को मनाया गया जिसके अंतर्गत मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।










स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेलवे द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता कुमारी प्रियंका कक्षा छठवीं





आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में

मेरी माटी , मेरा देश हर घर तिरंगा अभियान के दौरान बाल भारती पब्लिक विद्यालय से शिक्षक संदीप शर्मा , रंजीत पाठक , गोविंद चोहान , मनीष जी तथा शिक्षिका लीना शांडिल्या , जया वर्मा जी एवं छात्रों ने रैली का आयोजन किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने राष्ट्रीय ध्वज एवं विद्यालय के ध्वज के साथ रैली की शुरुवात की गई । एवं कोच फैक्ट्री निशातपुरा में समायोजित हो गई । कोच फैक्ट्री मेनेजर साहब ने मेरी माटी , मेरा देश के नाम पञ्च प्रण शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया । तत्पश्चात सभा को सम्बोधित किया । एवं छात्रों को फल एवं टॉफियाँ वितरित की गई । उसके बाद सभी शिक्षक तथा छात्रों ने विद्यालय की ओर प्रस्थान कर रैली का समापन किया । प्राचार्य महोदय जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।







वंदे भारत ट्रेन की उद्घाटन की अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी कुमार से बातें करते हुए बाल भारती के छात्र

वंदे भारत ट्रेन शुभारंभ के अवसर पर (रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली) निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजित विद्यार्थियों को ट्रेन में यात्रा (1अप्रैल 2023) का अवसर मिला।पुनः निबंध प्रतियोगिता में विजित विद्यार्थियों को रानी कमलापति से इटारसी में यात्रा का अवसर(27 जून) प्राप्त हुआ।





# हिंदी ओलिंपियाड आयोजन




दिनाँक 22.8.2023 को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

उत्कर्ष मंडल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका  सिंह यादव



# उपलब्धियाँ

## शिक्षकगण



हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन दिल्ली के तत्वाधान में 'अमृत कुम्भ सम्मान' के अंतर्गत मौलिक एवं स्वरचित रचना प्रतियोगिता में बालभारती पब्लिक स्कूल की शिक्षिका जया वर्मा को उनकी रचना 'अस्तित्व' पर अमृत कुम्भ सम्मान (2022 )प्राप्त हुआ।



लायंस क्लब की ओर से श्रीमती शमीम अख्तर को उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमे सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के करीब 25 शिक्षको को सम्मानित किया गया।




पिपुल्स यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदत्त गुरुवर सम्मान से सम्मानित हिन्दी शिक्षिका श्रीमती फेबिओला स्टेनली


NEW AGE INTERNATIONAL PUBLISHERS

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

Mrs. Shamim Akhtar


NEW AGE INTERNATIONAL PUBLISHERS

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

Mr. Sandeep sharma


NEW AGE INTERNATIONAL PUBLISHERS

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

Mrs. Jaya Verma


PEOPLES ENGINEERING COLLEGE (SORT)

CERTIFICATE OF APPRECIATION


Certificate of Participation

is awarded to

Ram Asre Doharey

## विद्यार्थीगण


क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय*

प्रमाण पत्र


क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय*

प्रमाण पत्र


क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय*

प्रमाण पत्र


क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय*

प्रमाण पत्र




क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय*


प्रमाण पत्र

# अंक विशेष

हिंदी दिवस के अवसर पर हमारे विद्यालय बाल भारती निशातपुरा से हिंदी ई पत्रिका का विमोचन किया जा रहा है l ये हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि हमारा विद्यालय मध्यप्रदेश राज्य में आता हैl मध्यप्रदेश साहित्यकारों का गढ़ रहा है, इसलिए हम लोगों ने इस पत्रिका को मध्य प्रदेश के प्रमुख साहित्यकारों को समर्पित किया है । भारत में साहित्य का विकास अत्यंत प्राचीन माना जाता है। मध्यप्रदेश के साहित्यकार और उनकी कृतियों का संगम अद्वितीय है। भारत में मध्यप्रदेश का नाम साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की सूची में आता है । राज्य से संबंधित कुछ प्रमुख साहित्यकारों का चयन करके यहां उनकी कृतियों के विषय में बताया गया है जिनमें प्रमुख हैं ----

श्री माखनलाल चतुर्वेदी
सुश्री सुभद्रा कुमारी चौहान
श्री हरिशंकर परसाई
श्री गजानन माधव मुक्तिबोध
श्री शरद जोशी
श्री बाल कृष्ण शर्मा नवीन ।





# मध्य प्रदेश के प्रमुख साहित्यकार की रचनाओ के लिंक

---

## पुष्प की अभिलाषा
## -माखन लाल चतुर्वेदी-

https://youtu.be/Xa8G7zY6n7o?si=rAy60BKzgfO_tzrQ

---

## झाँसी की रानी
## -सुभद्रा कुमारी चौहान-

https://youtu.be/0IA2IuOW9Cc?si=ro7wwLm74zhJRcyp

---

## दो नाक वाले लोग
## -हरिशंकर परसाई-

https://youtu.be/7WgqGfyDY8k?si=BwZKGmnK2U5vALD0

---

## उर्मिला
## -बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’-

https://youtu.be/ab7_ounFMsU?si=Fc86eNp2iF0OxeMk

---

## जीप पर सवार इल्लियां-
## - शरद जोशी-

https://youtu.be/feEze3pDgOo?si=l5OK0rrsPMbfjc8_

---

## अँधेरे में
## - गजानन माधव मुक्तिबोध-

https://youtu.be/1evmDw9FNEw?si=vjan2tJpHYkMJpyD

# संपादकीय मंडल



प्रमुख दिशा निर्देशक
श्री कुलदीप सिंह (प्राचार्य)



(मार्गदर्शिका)
श्रीमती मृदुलता सिंह चौधरी
(समन्वयक महोदया)



(प्रमुख संपादिका)
श्रीमती शमीम अख्तर( विभागाध्यक्ष हिंदी)



श्रीमती जया वर्मा
अभिकल्पना एवं तकनीकी सहायक



श्रीमती फेबियोला स्टेनली



श्री संदीप शर्मा



श्रीमती रूचि शर्मा

## तकनीकी सहायक



नैतिक सिंह सिसोदिया



युवराज वर्मा



रुद्रांश सिंह सेंगर



आरुष महाजन


BAL BHARATI PUBLIC SCHO
धन्यवाद